भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.02.2024

आरेडिका में राजभाषा संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

राजभाषा विभाग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार एवं कर्मचारियों के मध्य राजभाषा के प्रति रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिनांक 12.02.2024 से 13.02.2024 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इस दौरान दिनांक 12.02.2024 को शब्द अनुवाद व तकनीकी शब्दावली एवं हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जबकि दिनांक 13.02.2024 को टिप्पण व प्रारुप लेखन प्रतियोगिता एवं वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दो दिवसीय प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया ।

प्रतियोगिताओं को लेकर सभी कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा । कार्यक्रम में मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, डॉ. सत्यव्रत, राजभाषा अधिकारी, श्री राजेश कुमार, आदि उपस्थित रहे, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा ।

13/2/2024

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी
आरेडिका रायबरेली